**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–22.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज होगी जारी, 38 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 29 अक्टूबर तक प्रत्याशी भर सकेंगे पर्चे, 20 नवंबर को होगा मतदान ।**

2. **चुनाव आयोग ने मतदान के कम समय के झामुमो के आरोपों को बताया तथ्यहीन, कहा– केवल नक्सल प्रभावित नौ सौ 81 बूथों पर सुबह 7 से शाम 4 बजे तक होगा मतदान।**

3. **झारखंड इंडिया ब्लॉक में सीट बंटवारे पर माले नाराज, गठबंधन से मांगी आठ सीटें, राजद को सात सीटें मिलने की संभावना, कांग्रेस ने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की।**

**और**

4. **गढ़वा में आयोजित झारखंड टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पूर्वी सिंहभूम 21 मेडल के साथ बना ओवरऑल चैंपियन।**

****************

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी की जाएगी। इस चरण में कुल 38 सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा।

****************

चुनाव आयोग ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के उन आरोपों का खंडन किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि झारखंड के ग्रामीण इलाकों में मतदान का समय घटा दिया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि केवल नौ सौ 81 बूथों पर मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक है। यह बूथ नक्सल प्रभावित इलाकों में हैं। बाकी बूथों पर शाम 5 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में कुल 29 हजार पांच सौ 62 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 24 हजार पांच सौ 20 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाकों में हैं, जबकि 5 हजार 42 शहरी इलाकों में हैं।

****************

कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। मंत्री रामेश्वर उरांव लोहरदगा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार जमशेदपुर पूर्वी सीट से चुनाव लड़ेंगे। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार होगें। हटिया से अजयनाथ शाहदेव और खिजरी से राजेश कच्छप को टिकट दी गयी है। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने इन नामों को मंजूरी दे दी है।

****************

झारखंड में इंडी ब्लॉक में सीट बंटवारे को लेकर अबतक अंतिम तस्वीर साफ नहीं हो पायी है। झामुमो और कांग्रेस में 70 सीटों का बंटवारा हो जाने के बाद राजद को महागठबंधन में सात सीटें दिए जाने की संभावना जतायी जा रही है। लेकिन अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है। इधर भाकपा माले ने सीट बंटवारे पर नाराजगी जतायी है। माले के राज्य सचिव मनोज भकत ने रांची में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि माले ने महागठबंधन से आठ सीटों की मांग की है।

इधर, सीटों को लेकर जारी खींचतान को खत्म करने के लिए राजद और भाकपा माले के साथ बातचीत जारी है। झामुमो नेता मनोज पांडेय ने कहा है कि जल्द ही गठबंधन के सभी नेता मिल–बैठकर इस मामले को सुलझा लेंगे।

****************

इस बीच भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि इंडी गठबंधन में स्वभाविक गठजोड़ नहीं है। श्री चौहान ने आरोप लगाया कि यह स्वार्थी लोगों का गठबंधन है जो राज्य और देश के विकास के लिए बाधक हैं।

****************

प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि पार्टी अपने संकल्पों को लेकर जनता के बीच जाएगी। रांची में संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा में टिकट बंटवारे में कोई परिवारवाद नहीं है।

****************

भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरायकेला में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को एकजुट किया। कांड्रा में आयोजित कार्यकर्ता जनसभा को संबोधित करते हुए चंपाई सोरेन ने लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके बाद उन्होंने गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत दो अलग–अलग स्थान पर कार्यकर्ता सभा में शामिल होकर आगामी चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने को लेकर कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने का संदेश दिया। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड के ज्वलंत मुद्दे बांग्लादेशी घुसपैठ पर केवल भाजपा सरकार ही रोक लगा सकती है। झामुमो सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए चंपाई सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार पिछले 5 वर्षों से आदिवासियों को छलने का काम कर रही है। ऐसे में वक्त आ गया है कि इस सरकार को उखाड़ फेंकना है।

****************

लोहरदगा जिले में विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग की टीम द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

**साउड बाइट– गोपी कृष्ण कुंवर, लोहरदगा 45 .सेकेंड**

****************

गढ़वा में आयोजित 24वीं झारखंड–राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पूर्वी सिंहभूम सात गोल्ड, छह सिल्वर और आठ ब्रांज सहित कुल 21 मेडल लेकर ओवरऑल चौंपियन बना.। रांची की टीम ने आठ गोल्ड, पांच सिल्वर और छह ब्रांज सहित 19 मेडल हासिल किया, जबकि गढ़वा ने तीन गोल्ड, छह सिल्वर और 10 ब्रांज सहित 19 मेडल प्राप्त किया।

****************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियों को अपनी सुर्खी बनाई है ।

**प्रभात खबर ने लिखा है** सीएम से मिले तेजस्वी, राजद को सात सीटें।

**दैनिक जागरण के भाब्द हैं – ऊहापोह में राजद, टलती रही प्रेस कांफ्रेंस, तेजस्वी डटे।**

**कांग्रेस की पहली सूची जारी, 21 सीटों पर नाम घोषित, शीर्शक के साथ दैनिक भास्कर ने** इस खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता दी है।
**हिन्दुस्तान की सुर्खी है – झारखंड के स्थायी डीजीपी बने अजय कुमार सिंह।**
रांची एक्सप्रेस ने लिखा है – मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की समीक्षा बैठक।
**भारत और चीन पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर सहमत हुए। अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स** ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

******समाप्त******